**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## हिंदी विश्वविद्यालय के 29वें स्थापना दिवस पर गीत, संगीत और नृत्य से सराबोर हुआ परिसर

**वर्धा 09, जनवरी 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 29वें स्थापना दिवस पर गुरुवार 08 जनवरी को विश्वविद्यालय के वाचस्पति भवन प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक संध्या में गीत, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों से परिसर सराबोर हुआ।









विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भारत की लोक सांस्कृतिक परंपरा को गीत, संगीत एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर भारत की

---

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का परिचय दिया। कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा, कार्यपरिषद के सदस्य प्रो. सुरेन्द्र दुबे, उत्तर प्रदेश हिंदी साहित्य संस्थान की उपाध्यक्ष अमिता दुबे, आवासीय लेखक डॉ. क्षमा कौल व डॉ. भूषण भावे, कुलसचिव क़ादर नवाज ख़ान आदि की उपस्थिति में हुई इस सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् एवं वरदे वीणा वादिनी वरदे गीत से हुई। इस संध्या में शास्त्रीय राग शंकरा, राजस्थान का समूह गीत, खुशी लोधी एवं आशुतोष दुबे का भरत नाट्यम,




भाई-बहन का प्यार दर्शाता बिहार की प्रसिद्ध लोकनृत्य सामा-चकेवा, मिथिलांचल का झिझिया नृत्य, गोंड एवं कुर्मी नृत्य,वैष्णवी व यशस्वी द्वारा प्रस्तुत महाराष्ट्र की प्रसिद्ध लावणी, कोली नृत्य आदि की आकर्षक एवं रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयी। इसके साथ ही पंजाब के भांगडा नृत्य दर्शकों को थिरकने पर मजबूर किया।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकसंस्कृति की विविध रंगों से सजी इस सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से हिंदी विश्वविद्यालय ने अपने 29वें स्थापना दिवस को भारतीय सांस्कृतिक विरासत के साथ सराबोर होकर उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का संचालन प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती एवं विद्यार्थी मनीष तिवारी ने किया।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

**हिंदी विश्वविद्यालयाच्या २९व्या स्थापना दिनानिमित्त गीत, संगीत आणि नृत्याने भारला परिसर**

**वर्धा, ०९ जानेवारी २०२५ :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या २९व्या स्थापना दिनानिमित्त गुरुवार, ०८ जानेवारी रोजी विश्वविद्यालयाच्या वाचस्पती भवन प्रांगणात भव्य सांस्कृतिक संध्याकार्यक्रम आयोजित करण्यात आला. या कार्यक्रमात गीत, संगीत आणि नृत्याच्या रंगारंग सादरीकरणांनी संपूर्ण परिसर आनंदाने न्हाऊन निघाला.विविध विभागांच्या विद्यार्थ्यांनी भारताच्या लोकसांस्कृतिक परंपरेचे दर्शन घडवत गीत, संगीत व नृत्याच्या सादरीकरणांतून देशाच्या समृद्ध सांस्कृतिक वारशाची ओळख करून दिली. याप्रसंगी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा, कार्यपरिषद सदस्य प्रो. सुरेंद्र दुबे, उत्तर प्रदेश हिंदी साहित्य संस्थेच्या उपाध्यक्षा अमिता दुबे, निवासी लेखक डॉ. क्षमा कौल व डॉ. भूषण भावे, कुलसचिव कादर नवाज खान आदी उपस्थित होते. विद्यार्थ्यांच्या सादरीकरणांनी उपस्थितांची मने जिंकून घेतली.कार्यक्रमाची सुरुवात 'वंदे मातरम्' आणि 'वरदे वीणा वादिनी वरदे' या गीतांनी झाली. या कार्यक्रमात शास्त्रीय राग शंकरा, राजस्थानचे समूहगीत, खुशी लोधी व आशुतोष दुबे यांचे भरतनाट्यम, भाऊ-बहिणीच्या प्रेमाचे दर्शन घडवणारा बिहारचे प्रसिद्ध लोकनृत्य सामा-चकेवा, मिथिलांचलचे झिझिया नृत्य, गोंड व कुर्मी नृत्य, वैष्णवी व यशस्वी यांचे महाराष्ट्रातील प्रसिद्ध लावणी व कोळी नृत्य अशी अनेक आकर्षक व रंगारंग सादरीकरणे झाली. यासोबतच पंजाबच्या भांगडा नृत्याने प्रेक्षकांनाताल धरायला भाग पाडले.

विश्वविद्यालयाच्या विद्यार्थ्यांनी सादर केलेल्या या मनमोहक कार्यक्रमांनी प्रेक्षकांना मंत्रमुग्ध केले. लोकसंस्कृतीच्या विविध रंगी सजलेल्या या सांस्कृतिक संध्येच्या माध्यमातून हिंदी विश्वविद्यालयाने आपला २९वा स्थापना दिवस भारतीय सांस्कृतिक वारशासह अत्यंत उत्साहात साजरा केला. कार्यक्रमाचे संचालन प्रदर्शनकारी कला विभागाचे अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती व विद्यार्थी मनीष तिवारी यांनी केले.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305